# <u>विश्वविद्यालय में कृषि नवाचार पर केंद्रित एकदिवसीय प्रशिक्षण</u>

पंतनगर। 17 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय में धानुका एग्रीटेक द्वारा कृषि महाविद्यालय के सभागार में एक–दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य एग्रोनॉमी, प्लांट पैथोलॉजी और एंटोमोलॉजी के विद्यार्थियों को धानुका एग्रीटेक द्वारा उत्पादित किए जा रहे विभिन्न खरपतवारनाशी, कीटनाशकों और अन्य रसायनों के बारे में जानकारी देना तथा उनके उत्पादन में कंपनी द्वारा उपयोग की जा रही आधुनिक तकनीकों के विषय में बताना था। इस विषय पर कंपनी के डा. सुशील कुमार, हेड, प्रोडक्ट डेवलेपमेंट द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। डा. विनीत कुमार, वाइस प्रेसिडेंट, धानुक एग्रीटेक ने स्वयं को पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय का विद्यार्थी होने पर जहां गर्व की बात कही वहीं विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की गरिमा को बनाए रखने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि एवं निदेशक शोध डा. सुभाष चंद्र ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए धानुका एग्रीटेक के प्रयासों की सराहना की। डा. ए.एस. नैन, प्राध्यापक, एग्रीमेटोलॉजी और ट्रेनिंग के नोडल अधिकारी द्वारा ट्रेनिंग के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, एग्रोनॉमी विभाग के हेड डा. रोहिताश सिंह, प्लांट पैथोलॉजी के हेड डा. योगेन्द्र सिंह और कीट विज्ञान के हेड डा. प्रमोद मल्ल भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा धानुका एग्रीटेक द्वारा आयोजित किए गए प्रशिक्षण की सराहना की गई और भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों की उन्होंने अपेक्षा की। कार्यक्रम में धानुका एग्रीटेक के अन्य प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। संयुक्त निदेशक डा. पी.के. सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

